AnandNiketan
Maninagar Campus

Grade : VI	Subject : Hindi	Section:- ___________
Date :	Periodic Test-I	Practice Worksheet

Syllabus for Periodic Test-I	Periodic Test-I-20 Marks	
साहित्य १.पुनः नया निर्माण करो २.बड़ा कौन **व्याकरण** १.भाषा, लिपि और व्याकरण २ वर्ण और वर्णमाला (चित्र वर्णन)	Notebook Submission-10 Marks	Dictation -15 Marks A S L - 5 Marks

खंड-क

प्रश्न- १ निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

अनिता अच्छी तरह से जानती थी कि कक्षा की कई लड़कियाँ उसे पसंद नहीं करती हैं। वे कहती थीं कि अनिता दिखावा बहुत करतो है, लेकिन अनिता उनके कहने पर ध्यान नहीं देती थी। वह केवल एक ही बात पर ध्यान देती थी कि उसे कक्षा में हमेशा प्रथम आना है। लेकिन नंदिनी ऐसी नहीं थी। एक अनिता के अलावा नंदिनी को सभी लडकियाँ पसंद करती थी। नंदिनी हमेशा मुसकराती रहती थी और जिस किसी को भी गृहकार्य या अन्य किसी भी चीज़ में मदद की ज़रूरत महसूस होती, नंदिनी उसकी मदद ज़रूर करती थी। जब नंदिनी उनके बीच होती तो सब बहुत खुश होकर हँसी-मज़ाक करतीं। हर कोई लड़की उसका ध्यान अपनी ओर खीचना चाहती थी। इन सारी बातों के कारण अनिता को नंदिनी से बहुत ईर्ष्या होती थी। लेकिन वह स्वयं को यह कहकर तसल्ली देती, "जो भी हो, कक्षा में प्रथम तो मैं ही आती हूँ, नंदिनी हमेशा दूसरे नंबर पर ही रहती है। इससे तो मैं ही उससे अच्छी साबित होती हूँ।"

१.लड़कियाँ किसे पसंद नहीं करती थी?

२.लड़कियाँ किसे पसंद करती थी?

३.अनिता किस बात पर ध्यान देती थी?

४ नंदिनी हमेशा क्या करती रहती थी?

५ अनिता को किस पर ईर्ष्या होती थी?

६.गदयांश को उचित शीर्षक दीजिए।

खंड-ख

प्रश्न-२ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए-

१.भाषा के दो रूप कौन-कौन से है?

२ हिंदी के हस्व और दीर्घ स्वर लिखें।

३ लिपि किसे कहते है?

४ हिंदी में आगत ध्वनियाँ कौन-सी है?

प्रश्न-३ दिए गए वर्णों से बनने वाले शब्द लिखे-

१ न + आ + म + अ

२ भ + अ + क + त + अ

३ ह + इ + न + द + ई

४ स +ऊ +र +य +अ

प्रश्न-४ दिए गए शब्दों का वर्ण-विच्छेद करें-

१ कृषक २ ममता ३ संदेह ४ दिशा

प्रश्न- ५ वर्तनी शुदध कर शब्द लिखें-

१ कृष्न २ शाति ३ कचा ४ अवष्य

खंड-ग

प्रश्न- ५ निम्नलिखित शब्दों के अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करें-

१. स्फूर्ति २. उदयान ३. सारथी ४ संयोग ५ आचरण

प्रश्न- ६ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-

१. 'पुनः नया निर्माण करो' कविता के कवि कौन है?

२. काशी के राज्य में कैसे लोगों का नामोनिशान नहीं था?

प्रश्न- ७ निम्नलिखित प्रश्नों कें उत्तर विस्तार से लिखिए-

१. 'उठो धरा के अमर सपूतो, पुनः नया निर्माण करो।' पंक्ति से कवि का क्या आशय है?

२ अंत में काशी के राजा के गुणों को सुनकर कोशल के राजा तथा उनका सारथी क्या सोचने लगा?

खंड-घ

प्रश्न-८ निम्नलिखित चित्र देखकर चित्र वर्णन करें-

****